Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार **सच का साथी** दिनांक 14.11.2021 अंक 54

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## समाजसेवी रामचंद्र यादव ने किया छठ व्रतियों के बीच फल का वितरण, छठ व्रतियों से लिया आशीर्वाद

### कहा : जीप प्रत्याशी बिमला देवी को अपना आशीर्वाद व समर्थन दे, विकास दिखेगा

**अपेम लाइवः बरही**

पंचमाधव पंचायत के पडी. रमा में समाजसेवी रामचंद्र यादव ने इतवारी छठ के अवसर पर छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री के तौर पर फल का वितरण किया। फल वितरण करते हुए छठ व्रतियों से आशीर्वाद लिया। पडीरमा छठ घाट पर पूजा अर्चना करते हुए बरही वासियों से सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर वहां की मूलभूत समस्याओं से अवगत हुए। इस अवसर पर वहां के नौजवान साथियों एवं जनता ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मदद करने का भरोसा दिलाया। साथ ही साथ यह भी बताया की यह गांव मूलभूत समस्याओं से घिरा हुआ है। यहां विकास के नाम पर कुछ नहीं दिखता है। बहुत लोग आते हैं जीत के चले जाते हैं । आश्वासन देते हैं । हवा महल बनाने का लेकिन वह हवा महल बालू का रेत रहता है, जो कुछ ही पल में बिखर जाता है। वहां की जनता सपना देखते रहती हैं । ऐसी परिस्थिति में हम लोग ने निर्णय लिया है कि जो समाज का काम कर सकता है जो समाज के लिए दुख सुख का साथी बन सकता है। वैसे लोगों को हम लोग इस बार मतदान और भारी मतों से विजय बनाएंगे। सभी ने बरही मध्य भाग के जीप प्रत्याशी बिमला देवी को जिताने का संकल्प लिया। मौके पर लालजी प्रसाद यादव, मोती लाल यादव, भीख लाल यादव, सुभाष यादव, सुदीप यादव, अनिरुद्ध पासवान, अनुज कुमार यादव ,सागर पा. सवान ,सुभाष गिरी, रंजीत पासवान ,हरेंद्र यादव, रा. जकुमार यादव, संतोष, नितेश यादव, भीम यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



छठ व्रतियों के बीच फल वितरण करते रामचंद्र यादव



छठघाट पर लोगों से मिलते रामचन्द्र यादव

## समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने बरही पश्चिमी जीप प्रत्याशी कुंती देवी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

### कहा : एक बार मौका दें, हज़ारीबाग़ के मानचित्र पर बरही विकास के मामले में अव्वल रहेगा।

**अपेम लाइवः बरही**
**बिरेन्द्र कुमार/सोनु पंडीत**

रसोईया धमना पंचायत के युवा समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने बरही पश्चिमी से जीप प्रत्याशी कुंती देवी के पक्ष में अपने क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया ओर लोगो से कुंती देवी के पक्ष में समर्थन मांगा है। वही लोगो ने भी उन्हें भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया । जनसम्पर्क के दौरान तपेश्वर प्रसाद ने अपने समर्थकों के साथ डुमरडीह गांव का दौरा कर वहां की जन समस्या से अवगत हुए। ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि डूम. रडीह से बरही डीह होते हुए बरही जाने का रास्ता काफी जर्जर है। पक्की सडक नही बन पाया है। यदि पक्कीकरण हो जाता तो ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत हा. ेती। तपेश्वर प्रसाद ने कहा कि एक बार मौका दें, हज़ारीबाग़ के मानचित्र पर बरही विकास के मामले में अव्वल रहेगा। आपकी इस तरह की समस्या को दूर करना प्राथमिकता रहेगी। मौके पर लक्ष्मण यादव, प्रदीप पासवन, डब्लू सिंह, गुलाब कुमार, छोटू सिंह, दीपेश कुमार, रंजीत साव, राहुल पांडेय, मुन्ना यादव, गोलु केशरी, खगेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमित कुमार, गौतम एवं कृष्णा साव मुख्य रूप से मौजूद थे।



जनसंपर्क अभियान चलाते तापेश्वर प्रसाद व अन्य

**राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस 16 नवंबर को है। इस अवसर पर अपेम बरही की ओर से पत्रकार सम्मान कार्यक्रम के साथ साथ शिक्षा, स्वास्थ्य खेल. कूद पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। इसी नीमित 16 नवंबर 2021 को पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन उत्सव वाटिका बरही में अपराह्न दो बजे से किया गया है। इसमें अपेम संगठन से जुडे पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। उसके बाद 16 नवंबर से 30 नवंबर तक शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं खेलकूद पखवाडा का आयोजन विभिन्न स्कूलों में किया जाएगा। 17 नवंबर को रेनबो स्कूल गडलाही बरही में आयोजित किया जाएगा। जिसमें क्विज प्रतियोगिता के साथ साथ खेलकूद एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा।**







## बरही के सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर यादव रांची में नमन यूथ लीडरशिप अवार्ड 2021 से हुए सम्मानित

### देश के विकास में युवाओं का अहम योगदान, युवाओं को मिले राजनीतिक भागीदारी : मनोहर यादव

**अपेम लाइवः बरही**

राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के लिए हज़ारीबाग़ बरही के युवा सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर यादव को ष्नमन यूथ लीडरशिप अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान झारखंड के 21 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर नमन इंटरनेशनल फाउंडेशन फ़ॉर एडुकेशन एंड सोशल रिसर्च व नमन फाउंडेशन के तत्वावधान में शिक्षा एवं युवा नेतृत्व विषय पर रांची प्रेस क्लब के सभागर में अयोजित एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम में दिया गया। अवार्ड मुख्य अतिथि श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता के द्वारा दिया गया। वही अवार्ड से सम्मानित होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए युवा नेता मनोहर यादव ने कहा कि भारत आज युवा शक्ति के मामले में दुनिया में सबसे अधिक समृद्ध है। यह स्थिति भारत को विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण दिशा दे सकती है। यह सपना तभी पूरा होगा, जब देश, समाज, राजनीतिक दल युवाओं को प्राथमिकता देंगे। युवाओं को मौका देंगे और युवा विकास एजेंडा तय करने के लिए अपने आपको देश और राजनीति को समर्पित करेगा। श्री यादव ने कहा की रोजगार व सही आय की नई व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए ताकि युवा भटकें नहीं, प्रतिभाओं का पलायन रोक कर उनका अधिकतम उपयोग देश के विकास में किया जाए।सभी दलों को अपनी सोच बदलनी चाहिए और युवाओं को अधि. कतम मौका देना चाहिए। युवाओं के सामने सही व साफ राजनीति की नजीर पेश करनी चाहिए ताकि वे रुचि लें। इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रुप में राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता सहित देश भर के कई सम्मानित प्रोफेसर, कुलपति ,पदाधिकारी शिक्षाविद, राज नेता ,समा. जिक कार्यकर्ता ,लेखक, युवा नेता एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।







अवार्ड प्राप्त करते मनोहर यादव

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ एतवारी छठ संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**

लोक आस्था का तीन दिवसीय इतवारी छठ अस्चलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ रविवार को संपन्न हो गया। बरही के विभिन्न छठ घाटों में सैकड़ों छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। पर्व को लेकर घाटों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं दिन में बरही बाजार भी पूजन सामग्रियों से पटा रहा। लोग अपनी जरूरत के अनुसार सामानों की खरीददारी की। बरहीडीह छठ घाट, रसोइयाधामना छठ घाट, कोरियाडीह छठ घाट, बेहराबाद छठ घाट, गौरियकर्मा छठ घाट, विजैया छठ समेत अन्य छठ घाटों पर लोगों ने अर्घ्य दिया। इसके पूर्व निवास स्थलों से डाला में पूजन सामग्री लेकर घाटों महिलाएं घाटों में गई। यहां सूर्य भग. वान की अराधना कर अर्घ्य अर्पित की। इस अवसर पर छठ मइया के गीतों से शहर गुंजायमान होता रहा। छठव्रतियों ने कहा कि कहा कि पर्व को मनाने छठ पर्व मनाने का मुख्य उद्देश्य भगवान सूर्य को साक्षात देवता के रूप में देखा जा सकता है। यह पर्व सुख-समृद्धि के लिए भी मनाया जाता है। कई लोग मनोकामना भी इस पर्व के जरिए करते हैं। इधर, पर्व को लेकर बरही के विभिन्न छठ घाटों में 3 बजे के बाद से ही लोग दौरा एवं सूप लेकर जाने लगे। छठ घाटो पर लोगो मे आस्था तथा काफी उत्साह देखा गया।



भगवान सुर्य को अर्घ्य देते छठवर्ती

## वेक्टर क्लासेस में मनाया गया चाचा नेहरू का जन्मदिन

### शिक्षा ही सफलता की कुंजी है : दीपक गुप्ता

**अपेम लाइव : बरही**

बरही के हजारीबाग रोड में स्थित वेक्टर क्लासेस में 14 नवंबर को महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन को मनाया गया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वेक्टर की छात्र सना प्रवीण और नन्दनी केशरी ने चाचा के जीवनी को विस्तार पूर्वक बताते हुए बताया कि जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे। बच्चे भी उन्हें चाचा नेहरू के नाम से बुलाते थे। इसलिए उनके सम्मान में हर वर्ष हम-सभी14 नवंबर उनकी जयंती को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान कर रहे, शिक्षक अरुण कुमार ने सभी बच्चों बाल दिवस की शुभक. ामनाएं देते हुए उनके आदर्शों और युवाओं के द्वारा भारत का निर्माण का सपना हिस्सा बनने को लेकर प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक दीपक गुप्ता ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर सभी बच्चों को राष्ट्रीय मिठाई जलेबी खिलाते हुए एक एक बच्चो को चिन्ह के तौर पर कलम दिया और कहा चाचा नेहरु का मानना था। कि उनके नजर में भारत का प्रत्येक बच्चा में देश का भविष्य दिखाई देता था। इसीलिए वो बहुत उम्मीद के साथ बच्चों से अथक प्रेम करते थे। जिससे भारत का निर्माण में इन बच्चों का मूल भूमिका हो। वही स्वन्त्रता संग्रामी के रुप में जवाहरलाल नेहरू महात्मा गांधी के कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ लड़े। चाहे वो असहयोग आंदोलन की बात हो या फिर नमक सत्याग्रह या फिर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन की बात हो उन्होंने गांधी जी के हर आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लेते रहे। मौके पर शिक्षक अधीर मंडल, सूरज गुप्ता, दामोदर शर्मा, अरुण कुमार व छात्र ईशा कुमारी, रूपा कुमारी, बबली कुमारी मनोहर कुमार प्रियंका कुमारी रानी मोनिका कुमारी शिवानी कुमारी , सैफ अंसारी, फैयाज अंसारी, मो सलमान , पूजा कुमारी, पल्लवी कुमारी, अंजली कुमारी, प्रीति कुमारी , हर्षिका कुमारी, आकांक्षा कुमारी, नीरज शर्मा, पीयूष कुमार, रिमझिम कुमारी, स्वीटी, डोली,उजाला कुमारी, मनीषा कुमारी,पायल कुमारी व संस्थान के सभी उपस्थित थे।



कार्यक्रम मे शामील बच्चे

## रॉयल आर्किड स्कूल में मनाई गई बाल दिवस, कई कार्यक्रम आयोजित

### बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय थे पंडित जवाहर लाल नेहरू : अनूप सिंह

**अपेम लाइव : बरही**

सीबीएसई बोर्ड के द्वारा मान्यता प्राप्त रसोइया धमना बरही में संचालित रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में 14 नवंबर 2021 को जवाहरलाल नेहरू के जन्मोत्सव बाल दिवस के तौर पर मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप कुमार सिंह ने जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण करके की स साथ ही साथ सारे शिक्षकों ने बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया स इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के मनोरंजन हेतु विभिन्न प्रकार के इंडोर गेम्स एवं प्रतिभा से जुड़ी कलाओं को रखा गया था । जिसमें विद्यालय के कक्षा छठा से दशम के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शेष कक्षाओं के विद्यार्थियों को अ०नलाईन के द्वारा शामिल किया गया । जिसमें दोनों प्रकार के विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने जवाहरलाल नेहरू के जीवन परिचय एवं उनसे जुड़े कार्यों एवं देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान के बारे में बच्चों को बताया एवं उनका मार्गदर्शन किया । साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षकों में भी बच्चों को उनके व्यक्तित्व से जुड़ी घटनाओं को उनके समक्ष रखा। विद्यार्थियों ने भी चाचा नेहरु का चरित्र - चित्रण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नेहरू जी बच्चों से काफी प्रेमात्मक भावना जुड़ी रहती थी। इसलिए इन्हें चचा नेहरू के नाम से संबोधित करते हैं। अंत में सभी बच्चों से केक कटवा कर जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन मनाया एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम को शिक्षाक एवं शिक्षाकाएँ पल्लवी कटारियार, सिमी सिंह ,रिंकू कुमारी यादव , संजय रविदास, आलोक कुमार, सुभाशिष पाइन, पवन कुमार, सुनील कुमार पांडेय , प्रशांत कुमार, लक्ष्मी कुमारी, उषा राम, शिव कुमार पाठक, रिता पाठक ने मिलकर सफल बनाया।





कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

## पूर्व विधायक एवं एसडीपीओ ने किया इंस्पायर्ड कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**

बाल दिवस के अवसर पर बरही लोहार टोली में इंस्पायर्ड कोचिंग सेंटर खुला। कोचिंग सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोज कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि डीएसपी नाजिर अख्तर,थाना प्रभारी नीरज सिंह, रमेश ठाकुर एवं दुलार यादव ने फीता काटकर किया । सर्वप्रथम कोचिंग के निदेशक सुधा बाला एवं उपनिदेशक मुकेश कुमार एवं कोचिंग के संयोजक संतोष कुमार ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। निदेशक ने बताया की इंस्पायर्ड कोचिंग का मुख्य लक्ष्य दूरद. राज के बच्चों को कंपटीशन की तैयारी करवा कर उनकी प्रतिभा को निखारना है। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताश रमेश ठाकुर जी दुलार यादव जी संजय कुमार दुबे,सामाजिक कार्यकर्ता किशन यादव, गुरुदेव गुप्ता, रितेश कुमार , मनोज कुमार घोष, सतीश दास, पंकज बरनवाल, महेश पांडेय, रामप्रकाश चौधरी अधिवक्ता बबलू चौधरी, नारायण राम, राजेन्द्र राम, बिनोद राम, संजीत कुमार ,सतीश कुमार, क्युम अंसारी, सुनील कुमार यादव, विजय कुमार, कृष्ण कुमार,विनोद चौधरी, मोनिका मेहता, पुस्पा कुमारी, काजल कुमारी, रामबृक्ष कुमार , विनोद कुमार आदि लोग मौजूद थे।





संबोधित करते पूर्व विधायक मनोज यादव

## घियाही गांव में 50 लोगों के बीच विधायक प्रतिनिधि ने किया धोती, साड़ी लुंगी का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**

सोना सोबरन योजना के तहत केदारुत पंचायत के घियाही गांव में धोती, साड़ी एवं लुंगी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विधान सभा बिनोद कुमार यादव ने 50 लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व किए गए घोषणा के अनुरूप सरकार गरीबो को वस्त्र उपलब्ध करवा रही है। जिससे गरीबों को काफी राहत मिल रही है। सरकार ने जितने भी वायदे चुनाव के दौरान की है। सभी वायदे पूरे किए जा रहे हैं। यह सरकार गरीबो की सरकार है। मौके पर जिला महासचिव सह बिधानसभ विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, मो इम्तियाज, मो कलाम, मो राजू , तपेशवर भुईयां, मुरली यादव एवम मो झुनू , बिजय मेहता, प्रेम मेहता, अन्य लोग शामिल थे।



धोती साडी वितरण करते विनोद यादव व अन्य



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## रेन्बो स्कूल बरही के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बाल दिवस पर दी सभी बरहीवासियों, विशेषकर बच्चों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

### देश के बेहतर भविष्य के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना हम सबकी जिम्मेदारी : सिकन्दर प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**

रेन्बो स्कूल बरही के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बाल दिवस पर सभी बरहीवासियो, विशेषकर बच्चों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही देश के भविष्य हैं इसलिए उन्हें प्यार और देखभाल की जरुरत होती है ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सके। उनका मन बहुत ही साफ़ होता है और कोई भी चीज़ बच्चों के मन में असर डालती है। इसलिए उनका विशेष ध्यान रखना जरुरी होता है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू का बच्चों के प्रति विशेष स्नेह था, इसी कारण उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के बेहतर भविष्य के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना हम सबकी जिम्मेदारी है। सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य देकर हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की नींव रख सकते हैं। बदलते दौर में बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा के प्रति पहले से अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे बाल अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



सिकन्दर प्रसाद कुश्वाहा

**APEM LIVE**

**आज का पंचाङ्ग----**

आज का अंग्रेजी दिनांक :---15.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके:---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतु:---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---एकादशी तिथि दिन 08:51 मिनट तक उपरांत द्वादशी तिथि
दिनः---सोमवार
नक्षत्रः---उ.भा. नक्षत्र
योगः---वज्र
करणः---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:36
सूर्यास्त : संध्या 05:24
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---मीन राशि में
आज का राहूकाल प्रातः:---07:30 बजे से प्रातः---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से मानसिक तनाव दूर होता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## बारिश के कारण खेतों में लगी धान की फसल व आलू को जबरदस्त नुकसान किसान वर्ग व उपभोक्ताओ को भारी चिंता

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरही एक समय ऐसा होता है जब लोग बारिश की आवश्यकता को लेकर ऊपरवाले की भजन कीर्तन व न जाने क्या क्या उपाय करते है ऐसे में बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के चक्रवात के कारण बरही अनुमण्डल क्षेत्र में शनिवार से ही दिन भर हल्की रिमझीम बा. रिश होती रही। बारिश के कारण तापमान में भी भारी गिरावट आई है और ठंड में कनकनी बढ़ गई है। वहीं बारिश के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित किसान वर्ग हो रहे हैं। एक ओर जहां कोरोना काल को लेकर किसान व मजदूर ज्यादा प्रभावित हुए वहीं अब असमय बारिश ने किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच दी है खेतो में लगे धान की खड़ी फसल को नुकसान होने के डर से किसान चिंतित हो गए है। शनिवार की सुबह से जारी बारिश के कारण खड़ी फसल को नुकसान हो सकता है ज्ञात हो खेतों में धान की फसल पक गई है। किसान धान कटनी में जुट गए हैं। कुछ किसान धान को काटकर सूखने के लिए खेत में ही छोड़े हुए थे जो पूरी तरह भीग गए है । धान को खेत से खलिहान में नहीं लाए हैं। वहीं अधिकांश धान अभी खेतों में लगी हुई है। धान पक कर तैयार है लेकिन बारिश के कारण अधिकांश खेतों में धान की फसल जमीन पर गिर गई है, इससे धान को भारी नुकसान हो रहा है। बरकट्ठा प्रखण्ड के कल्हाबाद निवासी छोटेलाल प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, भोला प्रसाद समेत स्थानीय किसानों का मानना है कि पके हुए धान में असमय बारिश का पानी गिरने से धान का दाना अंकुरने व कीड़ा लगने की प्रबल संभावना है। चावल का दाने भी गुणवत्तापूर्ण नहीं हो पाएगा साथ ही चावल काले हो जाएंगे। वहीं बार बार असमय बारिश होने के कारण आलू के फसल समेत अन्य मौसमी सब्जियों को बड़ी नुकसान हुई है खेत समय से तैयार नही हो रहा जिससें आलू कि खेती भी पीछे तथा पैदावार में भी प्रभावित हा. `गा।आज सब्जियों की कीमतें आसमान पर है इसकी प्रमुख वजह असमय बारिश ही हैं ।



बारीश से बर्बाद हुआ फसल

## तीन दिवसीय एतवारी छठ पर्व भक्तिभाव से मनाया गया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा व चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में तीन दिवसीय एतवार छठ पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अपने परिवार जनों के साथ अस्तलाचमी सूर्य को अर्घ्य दिया वही प्रखंड के बण्डा. सिंगा, बेलकपी, शिलाडीह, बरकट्ठा, गोरहर, बेडोकला, कपका, गैंडा, तुर्कबाद, बरकनगांगो आदि जगहों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।रविवार की संध्या भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के साथ एतवार छठ पर्व समाप्त हुई। इस दौरान सैकड़ो लोंगो ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिए। साथ ही पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई।. आस्था का यह बड़ा छठ पर्व को करने से निरोगी जीवन प्रदान करने के साथ कई मनोकामनाऐं पूरी करती हैं। ज्ञात हो की यह पर्व रविवार को ही मनाया जाता हैं।स्थानीय लोग इसे बड़का पर्व भी कहते है जो पूरे आस्था के साथ संपन्न हुआ।



भगवान सुर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु



## द्रोपदी देवी जिला परिषद 08 की होगी उम्मीदवार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा जैसे जैसे पंचायत चुनाव की घोषणा की तिथि नजदीक हो रही बरकट्ठा प्रखंड का चुनावी तापमान बढ़ने लगा है आये दिन नित नए उम्मीदवारों के नाम उभर कर सामने आ रहे हैं इसी कड़ी में ग्राम कलहाबाद निवासी समाजसेवी मोहन मुरारी प्रसाद की पत्नी द्रोपती देवी ने जिला परिषद सदस्य 08 में अपनी उम्मीदवारी का दावा किया है उनके पति मोहन मुरारी प्रसाद ने बताए कि मैं बरकट्ठा उतरी भाग संख्या 8 जिला परिषद सदस्य पद से चुनाव लडने कि घोषणा करती हूं । उन्होंने बताएं कि समाजसेवा के रूप में क्षेत्र में कार्य किया है। हमारे पति भी समाज की सेवा में इन्होंने अपने स्तर से अभी तक के जीवन समर्पित किया है। क्षेत्र के सभी तरह के विकास के कार्यों को धरातल में लाने का तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उपयुक्त लाभुकों को दिलाने में हर संभव मदद करते आएं हैं, जिसके कारण क्षेत्रों में काफी प्रसिद्धी है। अपने कार्यों से क्षेत्र की जनता को आकर्षित करने का काम किया है। द्रोपती देवी ने कहा कि लोगों की सहयोग करना, दुख तकलीफ में रहे व्यक्तियों की मदद करना, असहायों की मदद करना मैं अपना परम कर्तव्य समझती हूं। और आगे भी ऐसा करने में मुझे सकुन मिलेगा । उन्होंने बोली कि मेरी पहली प्राथमिकता कृषि, एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना। और स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में बरकट्ठा प्रखंड को अग्रणी बनाना हमारी मकसद है। ज्ञात हो इस जिला परिषद सदस्य भाग संख्या 08 में चुगलामो, बरकनगांगो, गैंडा, गंगपांचों, गयपहाड़ी, बेडोकला, तुईयो, कपका, सलैया पंचायत आते हैं ऐसे में चुनावी समीकरण में कौन बाजी ले जाएगा वक्त बताएगा ।



द्रोपदी देवी



समाजसेवी मोहन मुरारी

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## झमाझम बारिश से सभी जीवों पर दिखा ठंड का असर, जारी रहा कहर तो फसल हो सकता है बर्बाद

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**



ठंढ से सिकुडते मवेशी

झमाझम बारिश से बढ़ा दी ठंडा। शनिवार को दिन व रात में भी लगातार मु. सलाधार बारिश और दूसरे दिन में दिनभर कोहराम और हल्की बारिश से ठंड को बढ़ा दिया है। यह मु. सलाधार बारिश से पूर्व, ठंड बहुत कम में अनुमान लगाया जा रहा था। लेकिन झमाझम बारिश ने ठंड बढ़ावा दिया है। बारिश से पूर्व लोगों को बिन स्वेटर पहन देखा जा रहा था, लेकिन यह झमाझम बारिश ने लोगों की हालत गंभीर कर दी है। प्रखण्ड के अंतर्गत अनेकों जगहों पर बारिश के बाद अब आग में तापते हुए लोगों को देखा जा रहा है। यह बारिश होने से सभी जीवों पर ठंड का असर देखा जा रहा है। धान पर पड़ा बारिश का असर -- किसानों के मेहनत पर भी पड़ रहा है यह झमाझम बारिश का असर। किसानों के धान की खेती पर कुछ कुछ नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। धान की कटाई के समय में बारिश होने से किसानों को धान की फसल और धान के लिए बनाए गए खालिहान पर अत्यधिक असर पड़ा है। अगर इसी तरह मौसम का कहर जारी रहा तो जीव जंतुओं के साथ साथ किसानों के मेहनतों पर भी पानी फेर सकता है।

## पलमा के ग्रमीणों ने रास्ते के लिए पूर्व विधायक से लगाई गुहार

## वन विभाग द्वारा खेत जाने वाले रास्ता को रोकने पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



पुर्व विधायक को अपनी समस्या सुनाते लोग

बरकट्ठा चलकुशा प्रखंड के ग्राम पलमा में वन विभाग द्वारा उनके खेती के लिए जाने वाले रास्ते को अवरुद्ध कर जंगल लगा दिया है, इसको लेकर कई बार ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारियों से रास्ते की मांग की।ग्रमीणों की नहीं सुनने पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव से ग्रामीणों ने अपनी समस्या को बताया, तत्पश्चात पूर्व विधायक ने पलमा पहुंचकर उनकी समस्या को देखा, वहीं डीएफओ हजारीबाग से बात कर तत्काल रास्ते से अव. रोध हटाने का काम किये, ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के प्रति आभार प्रकट कर उन्हें साधुवाद दिया। मौके पर समाजसेवी बसन्त पाण्डेय, मुरली ठाकुर, सलीम अंसारी, सूरज यादव, लक्ष्मण यादव, खू. बलाल यादव, संभु यादव, सुभाष यादव, दशरथ यादव, बंशी महतो, रामधनी यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार्वजनकि छठ पूजा समिति कोरियाडीह के सदस्यों को समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**



छठ पूजा समिति को सम्मानित करते राजेन्द्र प्रसाद



सम्मानित किये गये सदस्य

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पूर्व मुखिया रा. जेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने सार्वजनिक छठ पूजा समिति कोरियाडीह के सभी सदस्यों को अंगवस्त्र और डायरी देकर सम्मानित किया । सम्मानित किए जाने वालो में अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, सचिव राजेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजू कुमार, किशोर प्रसाद, मोहन प्रसाद, पप्पू कुमार, महेंद्र प्रसाद, अजित प्रसाद, मनोज कुमार, महेंद्र कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, मनोज प्रसाद, सुरेश भुइयाँ, विजय प्रसाद, सिकन्दर कुमार, बीरेंद्र कुमार, राजू प्रसाद,पवन कुमार, सुनील कुमार एवं बब्लू कुमार शामिल है। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सार्वजनिक छठ पूजा समिति ने निःस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा प्रदान किया है। इसलिए समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। मौके पर मौजूद लोग सुरेश प्रसाद कुशवाहा दामा. दर प्रसाद वर्मा, नरेश प्रसाद वर्मा, प्रकाश प्रसाद, नरेश प्रसाद, गणेश महतो, नारायण प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद, श्याम देव महतो, जगदीश प्रसाद, शंभू नाथ महतो, राजू प्रसाद, भवानी कुमार, राहुल कुमार, मनोज कुमार, रामअवतार प्रसाद, अनिल कुमार भारती, सुखदेव महतो, गौतम प्रसाद, विक्रम प्रसाद, अरविंद कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, रणधीर कुमार, किशोर प्रसाद, तपेश्वर प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, विजय प्रसाद, मंटू कुमार, किशोरी प्रसाद, रामजी प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, रा. जेश प्रसाद, विक्रम प्रसाद, राहुल कुमार, हरिप्रसाद, संतोष प्रसाद, अनिल प्रसाद, अरुण प्रसाद मेहता, बा. सुदेव प्रसाद, नरेश प्रसाद, जयप्रकाश प्रसाद, बासुदेव महतो, सुजीत कुमार, राजन प्रसाद, भवानी कुमार, मनोज कुमार, कृष्णा कुमार, राजेंद्र प्रसाद, विनोद प्रसाद, नरेश कुमार वर्मा, सुखदेव महतो, रामप्रसाद, रामअवतार महतो, अरविंद कुमार, किशोर कुमार,एवं दिलीप प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद थे।

## गोरहर पैक्स अध्यक्ष बने बासुदेव महतो व गैड़ा पैक्स अध्यक्ष बने जयनंदन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**





पैक्स चुनाव मे शामील लोग

बरकट्ठा प्रखण्ड के गोरहर पैक्स में चुनाव संपन्न हुआ।जहाँ पांच लोगो ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की गई।जिसमें एक सदस्य ने नाम वापसी लिया वहीं तीन का पर्चा रद्द किया गया।मात्र एक सदस्य की दावेदारी आधिकारिक रुप से स्वीकृत हुई।यह जानकारी निर्वाची पदाधिकारी ने दी।इस बावत निर्वाचन पदाधिकारी बीसीओ ने बताया कि बासुदेव महतो पिता अमृत महतो का पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चयनित हुए है।वहीं गैड़ा पैक्स में जयनंदन यादव अध्यक्ष ये लिए निर्विरोध चुने गए।गोरहर पैक्स अध्यक्ष के रूप में श्री महतो के जीत दर्ज करने पर सेवानिवृत्त शिक्षक रामटहल महतो, पुनीत महतो, कुंजलाल महतो, हरिलाल महतो, रामदेव पासवान, महेंद्र महतो, कार्तिक महतो, दिलीप महतो, नीलकंठ महतो, रामेश्वर महतो, श्रीकांत पासवान, मुखिया बड़की देवी, मेहीलाल मांझी, समेत अन्य लोगो ने बधाई दी।





APEM LIVE

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ज्ञानोदय विकास स्कूल में मनाई गई बाल दिवस

अपेम लाइव :बडकागॉव
अमित मालाकार


कार्यक्रम में शामिल लोग।

ज्ञानोदय विकास स्कूल के प्रांगण में बच्चों की खुशी और उत्साह के लिए बड़कागांव भगवान बागी रोड स्थित ज्ञानोदय विकास स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरु के जयंती के मौके पर स्कूल प्रबंधन की ओर से बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सिकंदर सोनी एवं संचालन स्कूल के प्राचार्य पंकज कुमार के द्वारा की गई। उपस्थित शिक्षक को एवं बच्चों के द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पंडित नेहरु के जयंती पर बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें घड़ा फोड़ , म्यूजिक चेयर और सुई धागा और भी कई प्रकार के गेम का आयोजन किया गया । विद्यालय सचिव सिकंदर कुमार सोनी के द्वारा पंडित नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला गया उन लोगों को मत तूने जानकारियां दी गई मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रुप से अरुण कुमार ,अनिता कुमारी ,राजू कुमार, लालदेव महतो ,प्रकाश ठाकुर ,कुलदीप कुमार राणा ,आरती कंचन लकरा, महिमा प्यारी सुरीन, अनामिका कुमारी ,सुमन कुमारी, मीना कुमारी, रूपा कुमारी ,राजेश कुमार जयसवाल हैं।

## बाल दिवस पर पेंटिंग तथा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी


प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि

बाल दिवस पर रविवार को विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच पेंटिंग तथा खेल. कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चाइल्डलाइन के तत्वाधान में प्रतियोगिता के तहत बलिकाओ के बीच फुटबॉल मैच, पेस्ट्री रेस, मेंहदी प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, चित्रकला प्रतियो. गिता समेत अन्य कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड कार्यालय के प्रमुख कोर्डिनेटर राहुल शीतल ने कहा कि बाल दिवस पर इन प्रतियोगिक गतिविधियों से बच्चों को अपनी प्रतिभा के विकास का अवसर मिलता है। इसके अलावा बच्चो व राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने वाले महापुरुषो के बीच निष्ठावान होने का सदेश मिलता है। निदेशक संजीव भट्टाचार्जी ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनकी हौसला आफजाई की। मौके पर निदेशक संजीव भट्टाचार्जी, कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिंटो, रश्मिलता, जगदीश शर्मा, नीतु कुमारी, प्रभा कुमारी, ब्रजेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## ई-श्रम कार्ड बनाने को लेकर सीएससी प्रबंधक ने किया दौरा

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी


निरिक्षण करते अधिकारी

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा असंगठित मजदूरों का पंजीकरण किए जाने की योजना है। इसे लेकर रविवार को सीएससी मैनेजर रौशन कुमार एवं मो निज़ामुद्दीन ने प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर सभी प्रज्ञा केंद संचालकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपने पंचायत क्षेत्र में अधिक से अधिक श्रमिकों का निबंधन करवाने का आग्रह किया। बताया कि इस कार्ड के माध्यम से आनेवाले समय में सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। ई-श्रम कार्ड पूरे भारत में मान्य होगा। आपदा की स्थिति सरकार डीबीटी के माध्यम से निबंधित श्रमिकों के बीच सीधा सहायता राशि बैंक खाते में हस्तांतरित करेगी। असंगठित श्रमिकों के बीच सामाजिक सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन ई-श्रम कार्ड के माध्यम से ही किया जाएगा। इससे श्रमिकों को कौशल विकास करने एवं रोजगार के अवसर तलाशने में आसानी होगी।

## बिना चालान गिट्टी परिवहन करते हाइवा को अंचलाधिकारी ने पकड़ा

अपेम लाइव : चंदवारा
धीरज कुमार


पकडा गया हाईवा

थाना के समीप बिना वैध काग. जात- चालान के गिट्टी परिवहन करने वाले एक हाईवा को चंदवारा अंचलाधिकारी रामरतन बरनवाल ने जप्त कर चंदवारा थाना को सुपुर्द कर दिया तथा इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा। उक्त हाईवा जेएच 09 एपी/ 1435 ढाब थाम से गिट्टी लोड कर कोड. रमा की ओर जा रहा था। इस दौरान क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले अंचलाधिकारी ने वाहन को रोककर चालान की मांग किया। वाहन चालक के द्वारा किसी प्रकार का चालान नहीं दिखाया गया । तत्पश्चात अंचलाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दी गई है।

## पका चावल खाने से युवक बीमार, दो बकरियों की हुई मौत, गाय और बछड़ा भी बीमार

अपेम लाइव : टाटीझरिया
राजू यादव


विलाप करते परिजन

टाटीझरिया प्रखंड के खम्भवा गांव में पके चावल (भात) खाने से एक युवक बेहोश हो गया। वहीं उसके मांड़ पीने से दो बकरियों की मौत भी हो गई तथा एक गाय व एक बछड़ा बीमार हो गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह सुरेश सिंह के घर में चावल पक गया था। इसके पूर्व सब्जी भी बन गई थी। सुरेश सिंह का 16 वर्षीय साढू का बेटा सुखदेव सिंह चावल व सब्जी खाने लगा। जैसे ही उसने खाना शुरु किया कि वह वहीं बेहो.श होकर लुढ़क गया। उसकी मौसी उसे खाना देकर बकरियों को मांड़ पिलाने बाहर चली गई थी। इधर वह मांड़ पीते ही दो बकरी वहीं लुढ़क गई। वहीं एक गाय तथा बछड़ा ने भी वही मांड़ पिया,वे भी लुढ़क गए। औरत इन्हें देख दौड़ी हुई घर की ओर गई तो वहां उसका बहन-बेटा भी गिरा पड़ा था। उसने हल्ला करना शुरु किया। गांव वाले इकट्ठा हुए। लड़के को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। इधर दोनो बकरियों की मौत हो गई। गाय और बछड़ा का स्थानीय चिकित्सक से ईलाज कराया गया, वे स्वस्थ्य हैं। इस घटना से सुरेश सिंह की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पूछने पर उसने बताया कि वह घर में चावल को सुरक्षित रखने के लिए कभी भी दवा नहीं डालती है, पर स्थानीय लोगों के अनुसार चावल मे रखे जाने वाले दवा का गंध भात से आ रहा था। यह घटना कैसे घटित हुई सबके समझ से परे था।

कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं ।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली




रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह





सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी
कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,
1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## अनियंत्रित कंटेनर ने ट्रक में मारा टक्कर, चालक पिता व उपचालक चाचा की मौत, बेटा सुरक्षित

### लगातार दूसरे दिन दनुवा घाटी में हुवा सड़क दुर्घटना

**अपेम लाइव :चौपारण**

**किशोर कुमार**



दनुवा घाटी एक बार फिर मौत की घाटी बनकर दो व्यक्तियों को अपने आगोश में ले लिया। लगातार दूसरे दिन हुए सड़क दुर्घटना में चालक पिता व उपचालक चाचा की मौत हो गया, वही बेटा सुरक्षित बच गया। घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए पुत्र अभिषेक कुमार ने बताया कि बोकारो लोहे की चादर को कंटेनर में लाद कर इंदौर एमपी जा रहे थे। इसी बीच हथिया बाबा मंदिर से कुछ दूर आगे एक ट्रक ने एकाएक अपने वाहन में ब्रेक लगाया। पीछे से चल रहे कंटेनर अनियंत्रित होकर ट्रक में टक्कर मार दिया। अभिषेक ने बताया कि कंटेनर में लदे लोहा का चादर गाड़ी को चीरते हुए चालक पिता प्रेम कुमार व उपचालक दिलीप कुमार मुँह बोले चाचा के सीने में जा घुसा। चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गया वही उपचालक की मौत सामुदायिक अस्पताल चौपारण में ईलाज के दौरान हो गया। इधर चौपारण पुलिस ने घटना कि सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुँच मृतकों के शव को अन्तरपरिक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया। ज्ञात हो कि इससे एक दिन पूर्व चौपारण के सियरकोनी में पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी की भतीजी सृष्टि मरांडी और उनके पति डॉ० चन्दन मराण्डी की कार भी दुर्घटना ग्रस्त हो गया था।

## अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम, ले भागे नगद व लाखों का सामान, छानबीन में जुटी पुलिस

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**




घटना स्थल पर मौजूद भीड

बड़कागांव प्रखंड के नटराज नगर स्थित स्वाति इलेक्ट्रॉनिक दुकान में बीते शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने लाखों की सामग्रियां व नगद चुरा ले भागे। मामले को लेकर दुकानदार धर्मेंद्र कुमार ने थाना में आवेदन देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। उक्त आवेदन में उन्होंने बताया कि बीते शनिवार की रात अज्ञात चोरों के द्वारा मेरे दुकान से लगभग पांच लाख की नगद व लगभग 4 से 5 लाख के इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियां चुरा ले गए हैं । मामले की जानकारी मुझे तब हुई जब रविवार की सुबह प्रत्येक दिन की तरह दुकान खोलने के लिए हमारा स्टाफ दुकान पहुंचा और शटर उठाया तो आसपास सामग्रियां बिखरे पड़े थे। व कुछ पैसे भी गिरे हुए थे। जब हमने अपना काउंटर देखा तो मनी बॉक्स टूटा हुआ था और रात्रि में रखे पैसे गायब थे। एवं दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा, एवं डीवीआर को भी काट कर ले गए। इसके अलावा उन्होंने कई इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद तुरंत ही बड़कागांव थाना को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद बड़कागांव इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए।

## जनजागरण अभियान को सफल बनाएगी कांग्रेस




बैठक करते कांग्रेसी

**अपेम लाइव : गिरीडीह**

**रोहित कुमार**

14 नवंबर से 29 नवंबर तक चलाए जानेवाले जन जागरण अभियान को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। इसमें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शुरू हो रहे अभियान को सफल बनाने को लेकर वक्ताओं ने विचार रखे। कहा गया कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर चलाए गए अभियान से कांग्रेस जनता तक जाएगी। मौके पर जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा, सतीश केडिया, आलमगीर आलम, महमूद अली खान, अजय सिन्हा, अशोक विश्वकर्मा, बलराम यादव, राजेश तुरी, नागेश्वर दास, संतोष राय, सुलेमान अख्तर, जैनुल अंसारी, निषाद अहमद, मो. गुलाम, नदीम अख्तर आदि उपस्थित थे।

## त्रिपुरा हिंसा के विरोध में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइवः बिरनी**

**सब्बा अहमद**

त्रिपुरा में बीते दिनों त्रिपुरा में हुए सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में बगोदर विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के तमाम लोग शनिवार को माखमर्गो में एकत्रित हुए। जहां हाजी मोहम्मद तैयब अली के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। इसके माध्यम से त्रिपुरा हिंसा की सर्वसम्मति से निंदा की गई। वहीं लोगों ने रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय बिरनी पहुंचे। जहां राज्यपाल के नाम स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी की अनुपस्थिति में प्रखंड कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि भारत धर्मनि. रपेक्ष राज्य है यहां के नियम कानून की हम सम्मान करते हैं। जाति धर्म के नाम पर कुछ लोग हिंसा कर दहशत पैदा करने के फिराक में है। लोगों ने सरकार से मांग किया है कि जाति धर्म के नाम पर फैलाई जाए रहे हिंसा पर अविलंब रोक लगाते हुए देश में अमन चौन स्थापित की जाए। इस दौरान लोगों ने हिंदी हैं हम हिंदुस्तान है हमारा, जाति धर्म के नाम पर हिंसा बंद करो, त्रिपुरा हिंसा की हम निंदा करते हैं आदि कई नारे लगाए जा रहे थे। बैठक की अध्यक्षता हाजी मोहम्मद तैयब अली तथा संचालन मौलाना मुख्तार ने किया।



ज्ञापण सौपते मुस्लिम समाज के लोग

## बिरनी में भी मनाया बड़का पर्व



**अपेम लाइवः बिरनी**

**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाके में सन्ध्या सूर्यास्त अर्ध्य के साथ बड़का पर्व (डलिया)सम्पन्न हुवा बतादे की बिरनी प्रखण्ड के खरटी बनपुरा, बेलाटांड़, बटलोहिया बराय आदि गाँवों में भी बड़का पर्व ध. ूमधाम से मनाया जाता है इस पर्व का भी उतना ही महत्व है जितना छठ पूजा का महत्व है इस पर्व में सिर्फ सूर्यास्त के समय अर्ध्य देने के साथ पर्व का विश्राम किया जाता है तथा दूसरे दिन सभी व्रतियों का पारण होता है साथ ही कई गांवों मे प्रत्येक वर्ष छठ पूजा के तुरंत बाद रविवार को ही यह पर्व मनाया जाता है तथा अन्य गाँवों में डलिया के साथ अर्ध्य दिया जाता है लेकिन रविवार को मनाया जाता है

Art, Agriculture, Press & Education, Health Management (APEM)
DISCIPLINE
PRAESIDIUM
EDIFICATION
Reg. No.-2020/BAR/90/BK/01
अनुमंडल पत्रकार एकता मंच (बरही)

## प्रखण्ड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**अपेम लाइव :चौपारण**

**किशोर कुमार**



बाल दिवस मनाते बच्चे

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रखण्ड के चयकला में स्तिथ जान्हवी व्यूटोरियल के डाइ. रेक्टर फहद अख्तर के द्वारा बच्चों के बीच केक काटा गया। और सभी बच्चों के बीच च०कलेट ,केक ब पेन का वितरण कर उन्हें समान्नित किया गया। डाइरेक्टर फहद रजा ने इस दौरान बच्चों को उनकी शिक्षा के बारे में जागरूक किया गया साथ ही बच्चों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्रखण्ड के जगदीशपुर में संचालित एक्टिव कोचिंग सेंटर में संस्थापक किशोर राणा के द्वारा बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई , साथ ही बसरिया में संचालित सक्सेस प०इंट कोचिंग में संस्थापक प्रकाश रजक के द्वारा भी बच्चों को समान्नित किया गया। वहीं मध्यगा. `पाली में संचालित द परफेक्ट विजन कोचिंग सेंटर के संस्थापक राजेश कुमार गुप्ता के द्वारा बच्चों को समा. न्नित किया गया। वहीं महूदी मोड़ में संचालित माँ कोचिंग सेंटर के संस्थापक लवकेश सिंह के द्वारा बच्चों को गिफ्ट देकर बाल दिवस मनाया गया। इसके अलावा प्रखण्ड के सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल ,मुनम पब्लिक स्कूल महराजगंज, ड० ललन बाबू कस्तूरबा गाँधी +2 ,म०डर्न पब्लिक स्कूल ,सिंहपुर ,केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय ,चौपारण,उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दनुवा सहित प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों ने भी बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को बधाई दी।

## कारगिल युद्ध के योद्धा एचएन यादव ने सैनिक प्रकोष्ठ के युवाओं को किया प्रेरित।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



देशभक्ति का पाठ पढाते कारगिल योद्धा एच एन यादव

स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खरांटी में सैनिक प्रकोष्ठ के युवाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कारगिल युद्ध के योद्धा एचएन यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र यादव के द्वारा अभिवादन स्वागत भाषण देकर किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुरेश प्रजापति ने अंग वस्त्र दे कर श्री यादव को सम्मानित किया। विद्यालय के पुरातन छात्र जसवंत कुमार ने माल्यार्पण कर श्री यादव का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री यादव ने सैनिक प्रकोष्ठ में रुचि रखने वाले युवाओं को सैनिक प्रकोष्ठ में जाने की जानकारी विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान उपस्थित बच्चों ने श्री यादव से प्रश्न पूछा जिसका जवाब देकर श्री यादव ने बच्चों को लाभान्वित किया। मौके पर मुख्य रूप से झारखंड कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार यादव, राष्ट्रीय यादव सेना के उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, उपेंद्र यादव, ज्योतिंद्र प्रजापति, अवध किशोर यादव, नवलेश यादव, मोहन यादव, अमर राम, बादल राम, दिवेश राज, सोनू कुमार, बाबू कुमार, सुरेश प्रजापति, सहित सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित थे।

DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI
EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## शौर्य दिवस मनाने को लेकर यादव समाज ने बैठक की

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


बैठक में उपस्थित लोग।

बड़कागांव प्रखंड यादव समाज की एक बैठक स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खराटी में हुई ।जिसमें मुख्य अतिथि सूब. दार एचएन यादव थे। उनकी उपस्थिति में बड़कागांव के विभिन्न गांव के यादव बुद्धिजीवी के बीच रेजांगला शौर्य दिवस मनाने हेतु एक कमेटी बनाई गई। जिसमें कमेटी के अध्यक्ष विजय यादव, सचिव राजेश यादव, कोषाध्यक्ष नवलेश यादव ,संरक्षक विनोद यादव ,राज. कुमार यादव ,अवध किशोर यादव, चुरामन यादव ,नरेश यादव, कमल यादव, लाल. चंद यादव ,वासुदेव यादव ,मनोज यादव, उपेंद्र यादव को बनाया गया इस बैठक में 18 नवंबर दिन गुरुवार समय 11:00 झारखंड महाविद्यालय बड़कागांव में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।जिसके मुख्य अतिथि बड़कागांव एसडीपीओ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार सिंह मुख्य प्रवक्ता आर्मी सूबेदार एचएन यादव तथा विशिष्ट अतिथि बड़कागांव थाना प्रभारी एवं सहायक थाना दाढ़ी कला के प्रभारी होंगे।

## डहुवा से चलकरी सीमा तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


ग्रामीणों के साथ प्राक्कलन तैयार करते सहायक अभियंता

प्रखंड के गैड़ा पंचायत अंतर्गत डहुवा से चलकरी सीमाना तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा कि. रतोडीह में इस्माइल अंसारी के घर से सुरजाही नदी तक सड़क भी बनेगी। इस बीच कई गार्डवाल एवं पुल-पुलिया का भी निर्माण कराया जाएगा। इस योजना के लिए झामुमो हज़ारीबाग जिलाध्यक्ष सह गैड़ा के पूर्व मुखिया शंभुलाल यादव के द्वारा उपायुक्त को आवेदन देकर आग्रह किया गया था। उपायुक्त ने आग्रह पर विचार करते हुए रविवार को स्पेशल डिवीजन के सहायक अभियंता को सं. बंधित सड़क का प्राक्कलन तैयार करने के लिए भेजा। सहायक अभियंता ने इस योजना के लिए स्थल पहुंचकर कार्य का प्राक. कलन तैयार किया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को कब्रिस्तान की ओर जाने में आसानी होगी। इसके अलावा बरसात के समय नदी में पानी रहने से आदिवासी टोला डहुवा का मुख्य सड़क से संपर्क कट जाता है। अब इस टोला के ग्रामीणों को भी बरसात के दौरान आने जाने में सुविधा होगी। मौके पर गोपीचंद प्रसाद, कमरुद्दीन अंसारी, समरुद्दीन अंसारी, सीताराम महतो, इस्माइल अंसारी, फारूक अंसारी, दिलीप महतो, इमानी अंसारी, खुर्शीद अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## पोषण सखी बैठक में सरकार पर साधा निशानां

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**रोहित कुमार**



झारखंड राज्य अतिरिक्त आंगनबाड़ी सेविका सह पोषण सखी संघ की बैठक रविवार को झंडा मैदान में आहूत किया गया।जिसमें निर्णय लिया गया कि जिस प्रकार से गिरिडीह बिधायक द्वारा अस्वस्त कराया गया कि 15 नवम्बर को पोषण सखी पर चर्चा किया जाएगा।भारत सरकार द्वारा जो पोषण सखी को केंद्र से हटाने कि बात हो रही थी उसपर पहल कर लिया गया है और सभी पोषण सखी को 60 वर्ष के लिए नियमित 15 नवंबर को किया जाएगा इस के लिए गिरिडीह बिधायक का धन्यवाद किया गया।पोषण इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सैबून निशा ने कहा कि आदि राज्य सरकार पोषण सखी पर साकारात्मक पहल 15 नवम्बर को नही करती है तो पोषण सखी बाध्य होकर आंदोलन करेगी और सारी जवाब देही सरकार की होगी न की पोषण सखी की होगी इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अंजू गूप्ता,तमन्न प्रवीण, रोशन प्रवीन, शबनम प्रवीण, रिंकी कुमारी, कुलमती कुमारी,सोभा कुमारी, सरीता कुमारी, सूनीता कुमारी, वन्दना कुमारी, राधा कुमारी, मीना कुमारी, आदि उपस्थित थी

## सरकारी जमीन पर किया जा रहा कब्जा, अधिकारी मौन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड अन्तर्ग मलकोको मध्य विद्यालय के सरकारी जमीन पर घर बनाया जा रहा है। जबकि इस बाबत में यहाँ के ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय एवं एसडीओ पूनम कुजर को लिखित आवेदन दे चुके है। लेकिन इस पर अब तक कोई कार्यवाई नही किया गया है, और मकान कक निर्माण कार्य जारी है। प्रशानिक अनदेखी से ग्रामीणों में अधिकारियों के खिलाफ असंतोष है।

## जितेंद्र को मिला नमन झारखंड सम्मान 2021

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



अवार्ड प्राप्त करते जितेन्द्र

झारखंड राज्य के 21 वें स्थापना दिवस के अवसर पर नमन इंटरनेशनल फांउडेशन फार एजूकेशन एंड सोशल रिसर्च द्वारा शिक्षा एंव युवा नेतृत्व पर आयोजित एक दिवसीय से. मिनार का आयोजन प्रेस क्लब, रांची में किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं विषिष्ट अतिथि पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता , रामगढ़ के विधायक श्रीमती ममता देवी, विभावि के प्रतिकुलपति डा़ अजीत कुमार सिन्हा , समेत राज्य के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में बिरनी प्रखंड के बरहमसिया पंचायत के ग्राम झांझ निवासी शिक्षक नागेश्वर प्रसाद के पुत्र जितेंद्र कुमार को नमन झारखंड प्रतिभा सम्मान 2021 से माननीय मंत्री महोदय एवं अतिथियों ने सम्मानित किया । बताते चले कि जितेंद्र कुमार को यह सम्मान पढाई के साथ साथ समाजिक सेवा करने एवं कला के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए नमन झारखंड प्रतिभा सम्मान 2021 से नवाजा गया, जितेंद्र कुमार ने इस सम्मान को अपने माता-पिता और अपने क०मेडीयन जितेंद्र टीम को समर्पित किया साथ हीं अपने गुरु दीपक झा को भी समर्पित करते हुए सभी को धन्यवाद दिया ।







